जो लाल लंगोटे वाला है

जो लाल लंगोटे वाला है,
वो मां अंजनी का लाला है॥

दीनदयाल विरद संभारी,
हरहु नाथ मम संकट भारी,
जो संकट हरने वाला है,
वो मां अंजनी का लाला है॥

भूत पिशाच निकट नहीं आवे,
महावीर जब नाम सुनावे,
जो भूत भगाने वाला है,
वो मां अंजनी का लाला है॥

विद्यावान गुनी अति चतुर,
राम काज करने को आतुर,
जो विद्या देने वाला है,
वो मां अंजनी का लाला है॥

जय जय जय हनुमान गोसाई,
कृपा कराहु गुरुदेव की नाही,
जो कृपा करने वाला है,
वो मां अंजनी का लाला है॥

सब सुख लहै तुम्हारी सरना,
तुम रक्षक काहू को डरना,
जो रक्षा करने वाला है,
वो मां अंजनी का लाला है॥

गहरी नदिया नाव पुरानी,
पार करो प्रभु अंतर्यामी,
जो पार लगाने वाला है,
वो मां अंजनी का लाला है॥

रघुकुल रीत सदा चली आई,
प्राण जाए पर वचन ना जाई,
जो प्राण बचाने वाला है,
वो मां अंजनी का लाला है॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25937/title/jo-laal-langotey-wala-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |